जोर से लगाओ जयकारा श्याम दौड़े चले आएंगे

जरा जोर से लगाओ जयकारा श्याम दौड़े चले आएंगे.....

आओ सजाएं सांवरे की पालकी,
मिल जय बोलो जय श्री श्याम की,
फिर चमकेगा किस्मत का तारा श्याम दौड़े चले आएंगे......

घिसकर चंदन तिलक लगाओ,
सोने चांदी का मुकुट पहनाओ,
मेरे श्याम का सिंगार बड़ा प्यारा श्याम दौड़े चले आएंगे.....

गंगाजल स्नान कराओ,
मोगरा गुलाब और इत्र लगाओ,
फिर देखो बाबा का नजारा श्याम दौड़े चले आएंगे.....

भक्तों पर वह नजर डालता,
संकट पल में वह हर लेता,
देखो मोरछड़ी का नजारा श्याम दौड़े चले आएंगे.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32464/title/zor-se-lagao-jaikara-shyam-daude-chale-aayege

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |